**चुनावी दांव में फंसी अवैध कॉलोनियां** • शहर की 50 समेत प्रदेश की 6 हजार से ज्यादा कॉलोनियां हैं दायरे में

# वोट की खातिर निकाय चुनाव से पूर्व कॉलोनियां वैध करने की तैयारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की 50 सहित प्रदेश के 6 हजार से ज्यादा अवैध कॉलोनियों को वैध करने का मामला चुनावी दांव में फंस गया है। सत्ताधारी भाजपा इसे अप्रैल-मई में संभावित नगरीय निकाय चुनाव से ठीक पहले जनवरी या फरवरी में लागू करने की तैयारी है, जिसका असर वोट की संख्या पर पड़ेगा।

भाजपा सरकार ने 2018 में प्रदेश की 6000 हजार से ज्यादा कॉलोनियों को वैध कर विकास के काम चालू करवा दिए थे। मामला तब अटका जब 3 जून 2019 को न्यायालय ने नपा अधिनियम 1956 की धारा 292-ई के प्रावधान का हवाला देते धारा को शून्य घोषित कर दिया था जिसके तहत कॉलोनियों को वैध किया गया था। मार्च 2020 में फिर से भाजपा सरकार बनने के ...द विधायक काश्यप ने वैध कराने की ...क्रया शुरू करवाई थी। 25 मार्च 2021 ...नपा विधि संशोधन बिल पास हुआ था।

## दूसरी बार वैध होगी शहर की 50 कॉलोनियां

नए नियम के तहत शहर की 50 कॉलोनियों को दूसरी बार वैध किया जाएगा। नगर निगम ने पहली बार 2015 में 17 कॉलोनियों के वैध करके 7 करोड़ और 2018 में 33 कॉलोनियों को वैध घोषित करके 19 करोड़ से मूलभूत विकास कार्य शुरू करवाए थे। इनमें से अब तक सिर्फ 3.75 करोड़ के ही काम हो पाए हैं। 2018 में वैध घोषित की गई आठ कॉलोनियों में तो अब तक सड़कें खुदी ही पड़ी हैं।

## वैध होने से फायदा

- बिल्डिंग परमिशन मिलने लगेगी।
- मकान बनाने के लिए बैंक से आसानी से लोन भी मिल सकेगा।
- सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने के साथ विकास कार्य भी होंगे।

## इन कॉलोनियों को वैध होने का इंतजार

मालवानगर व पीएंडटी कॉलोनी, वर्धमान नगर (सेक्टर-2), महेश नगर (इंदिरानगर), राजीव नगर (राजगढ़), महेश नगर (राजगढ़), कोमल नगर (राजगढ़), सौभाग्य नगर, निराला नगर, मोहन नगर, श्रृंगी नगर, गणेशनगर, शक्तिनगर, आदर्शनगर, पटवारी कॉलोनी, सखवाल नगर, धीरज शाह नगर, संजय नगर, रेल नगर (राजगढ़), गणेश नगर (राजगढ़), कल्याण नगर, करमदी रोड (तेजानगर ब्लॉक नं 02 के पास), ज्योति नगर (करमदी), समता नगर, श्रीराम नगर, अभय नगर, जनता नगर कॉलोनी, बाणेश्वरी गृह निर्माण सहकारी समिति, भवानी नगर (राजगढ़), त्रिमूर्ति नगर सैलाना रोड, करण नगर, करमदी रोड सांवरिया मंदिर के सामने, आं... सेठ की पुलिया के पास गुलाब शाह वली दरगाह रोड की कॉलोनी, सरस्वती नगर चमारिया नाका, अशोक नगर, लक्ष्मीनगर स... कॉलोनी, रत्नेश्वर रोड कॉलोनी, भांभी गृह निर्माण समिति ठंकाला रोड, बसंत कॉलोनी, मिल्लत नगर, न्यू पटेल कॉलोनी, लालजी का बाग, प्रतापनगर के सामने (आरओबी) के नीचे, होमगार्ड कॉलोनी के पीछे गली नं... 4, राजस्व नगर, रहमत नगर, बापूनगर, रा... नगर डीजल शेड के पास, राम रहीम नगर, मौलाना आजाद नगर, हम्माल नगर, सैफी नगर, विक्रम नगर होटल कॉसमॉस के पीछे, शिवनगर, भवानी नगर के सामने राजगढ़, बुद्धेश्वर रोड सैनिक कॉलोनी के पास।

*अवैध कॉलोनियों को वैध करने के अब तक नियम नहीं आए हैं। नगर निगम की पूरी तैयारी है। विस्तृत दिशा निर्देश आते ही तेजी से प्रक्रिया करके कॉलोनियों को वैध घोषित कर देंगे। उसके बाद टेंडर करके विकास कार्य भी किए जाएंगे।* **सुरेशचंद्र व्यास,** सिटी इंजीनियर नगर नि...

भास्कर

दै. भास्कर 27/9/21

जो नहीं रहे, उनके नाम घटाए जाएंगे

# निकाय चुनाव की तैयारी, एक नवंबर से जुड़ेंगे नए नाम

पत्रिका डेटा डिकोडेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. कोरोना वायरस की कमी व इससे मुक्ति के लिए किए गए कार्यों में मिल रही सफलता के बाद अब एक बार फिर से निकाय चुनाव की तैयारी शुरू की जा रही है। इसके लिए एक नवंबर से संसदीय क्षेत्र में मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने से लेकर घटाने का कार्य होगा। कर्मचारियों को इसके लिए जल्दी ही प्रशिक्षण बीएलओ स्तर का हो चुका है। संसदीय क्षेत्र में रतलाम शहर, ग्रामीण व सैलाना विधानसभा क्षेत्र शामिल है।

संसदीय क्षेत्र में नवंबर में शुरू होने वाले मतदाता सूची के नाम जोड़ने घटाने के कार्य के लिए तैयारियां शुरू हो रही हैं। इस कार्य के शुरू होने के बाद कर्मचारियों के तबादले नहीं किए जाएंगे। जनवरी 2022 के पहले सप्ताह में नई मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसलिए एक नवंबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया जाएगा।

## इस तरह चलेगा काम

निकाय चुनाव को देखते हुए एक नवंबर को इसके प्रकाशन के बाद घर घर जाएंगे। इसमे जो नाम जुड़ना रह गए है उनको जोड़ा जाएगा। इसके अलावा मृत मतदाता, गुम हुए मतदाता के अलावा एक से अधिक स्थान पर नाम मतदाता सूची में है तो एक नाम हटाया जाएगा।

विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के अनुसार निकाय चुनाव फरवरी से लेकर मई माह के बीच हो सकते हैं। जनवरी 2022 के पहले सप्ताह में मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद निकाय चुनाव की तैयारी तेज हो जाएगी। इसलिए संगठन की बैठक से लेकर विभिन्न आयोजन पार्टियों के चल रहे हैं।

## हमारी तैयारी पूरी

जब भी निकाय चुनाव हो, हमारी तैयारी पूरी है। हमारे कार्यों का प्रचार किया जाएगा।

**- अरूण राव**, प्रवक्ता, भाजपा

## हर मोर्चे पर असफल

राज्य सरकार हर मोर्चे पर असफल है। इनकी विफलता लेकर ही मतदाताओं के बीच जाएंगे

**- जोएब आरिफ**, प्रवक्ता, कांग्रेस

## फैक्ट फाइल

संसदीय क्षेत्र में 2019 की मतदाता सूची अनुसार

कुल मतदाता - **5,85,825**

पुरुष मतदाता - **2,95,119**

महिला मतदाता -**2,90,696**

अन्य मतदाता - **10**

पत्रिका

पत्रिका 27/9/21

# कोविड- वैक्सीनेशन अब कोई ना छूटे महा अभियान 27 सितंबर प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर

रतलाम। आगामी 27 सितंबर को जिले में भी कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान आयोजित होगा। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए सभी व्यक्ति 27 सितंबर को प्रथम डोज लगवा ले। यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। महा अभियान की थीम कोई ना छूटे रखी गई है। 27 सितंबर के बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा। जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड का पहला टीका लगवाने के लिए 27 सितंबर अंतिम अवसर होगा। 26 सितंबर रविवार को केवल जावरा क्षेत्र में मोबाइल टीम के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 26 सितंबर को जिले में कहीं भी कोविड वैक्सीनेशन नहीं किया जाएगा। 27 सितंबर को आयोजित होने वाले महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्य योजना अंतर्गत केंद्रों का चिन्हांकन किया गया है। इसके अंतर्गत बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलोदा [illegible] केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में [illegible] केंद्र, शहरी क्षेत्र में और 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संक्रमण [illegible] सितंबर को आयोजित होने वाले टीकाकरण के लिए रतलाम शहर में [illegible] गांधीनगर, रामकला सभागृह [illegible] प्रिंस पैलेस, [illegible] हॉल अलकापुरी, [illegible] भवन विरियाखेड़ी, [illegible] नगर कम्युनिटी हॉल, मांगलिक भवन [illegible] काश्यप सभागृह [illegible] रोड, राधाकृष्ण स्कूल [illegible] डी नगर मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम ऑफिस दो बत्ती रोड, राजपूत बोर्डिंग [illegible] लायंस हॉल पावर हाउस रोड, कालिका माता धर्मशाला [illegible] धर्मशाला, आईएमए हॉल राजेंद्र नगर, आर्य समाज स्कूल धानमंडी, जिला चिकित्सालय रतलाम, घटला हॉस्पिटल रेलवे कॉलोनी, एमसीएच अस्पताल रतलाम पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

[illegible] 27/9/21

**दो बत्ती** कोठारी मार्केट में हुई बहस

# आयुक्त बोले फुटपाथ तोड़कर लगाएंगे पैवर ब्लॉक, तो दुकानदार हो गए नाराज

रतलाम . शहर के दो बत्ती क्षेत्र से लेकर मित्र निवास रोड तक बन रहे सिटी फोरलेन में सौंदर्यीकरण योजना अंर्तत कोठारी मार्केट में बनी दुकानों के बाहर के फुटपाथ को तोड़कर पेवर ब्लॉक लगाने की योजना है। इसके लिए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया रविवार को क्षेत्र में पहुंचे व कारोबारियों से सहयोग मांगा। चर्चा में कारोबारी इस बात पर नाराज हो गए कि पेवर ब्लॉक लगाने से पार्किंग क्षेत्र नहीं रह पाएगा। करीब बीस मिनट तक कारोबारी व आयुक्त के बीच गर्मागर्म बहस हुई।



-कारोबारियों व आयुक्त के बीच हुई बहस

दोपहर करीब एक बजे बाद आयुक्त झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास व उपयंत्री मनीष तिवारी कोठारी मार्केट में बनी दुकानों के क्षेत्र में पहुंचे। यहां पर आयुक्त झारिया ने कहा कि सामने की रोड में पेवर ब्लॉक लगना शुरू हो गए हैं, इससे क्षेत्र में सौंदर्यीकरण की दिशा में मदद मिलेगी। आप लोग भी अपने फुटपाथ स्वयं तोड़ ले अन्यथा नगर निगम 15 हजार रुपए प्रतिघंटे की दर पर तोड़ेगी। इस बात पर कारोबारी नाराज हो गए। उनका कहना था कि पेवर ब्लॉक लगाने का विरोध नहीं है, लेकिन फुटपाथ तोड़कर इसको लगाना बेहतर नहीं है। ऐसे में पार्किंग की समस्या आएगी। इसके अलावा कारोबारियों ने कोठारी मार्केट के अंदर के क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को लेकर भी सवाल उठाए। बाद में सिटी इंजीनियर व्यास ने कारोबारियों को भरोसा दिया कि पेवर ब्लॉक निर्माण के दौरान किसी को भी परेशानी नहीं आने दी जाएगी। कारोबार चलता रहेगा। इस दौरान टीकमचंद राजगुरु, विपिन जैन, जुबेर कुरेशी, गौरव जैन आदि कारोबारी उपस्थित रहे।

## सभी को समझा दिया गया

सभी कारोबारियों को समझा दिया गया है व वे पेवर ब्लॉक लगवाने के लिए तैयार हो गए है। जल्दी निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

- **सुरेशचंद्र व्यास**, सिटी इंजीनियर, नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 27/09/21

# डेंगू के तीन नए मरीज, वायरल बुखार में भी घट रहे प्लेटलेट्स

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** सितंबर महीने में 26 दिन से लगातार डेंगू के नए मामले सामने आ रहे हैं और मरीजों को प्लेटलेट्स भी हर दिन चढ़ाई जा रही है। रविवार को भी जिला अस्पताल लैब से 15 एलाइजा जांच रिपोर्ट में तीन नए डेंगू मरीजों की पुष्टि की गई। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति से शाम सात बजे तक 115 लोगों ने प्लेटलेट्स प्राप्त करें लिए था और 15 लोग इंतजार में थे। इस बार डेंगू बुखार के मरीजों के साथ वायरल बुखार के मरीजों में भी प्लेटलेट्स तेजी से घट रहे हैं।

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डा. आनंद चंदेलकर कहते हैं कि डेंगू बुखार में तो प्लेटलेट्स घटते ही हैं, लेकिन इस बार वायरल बुखार में तेजी से प्लेटलेट्स घट रहे हैं। हमारे पास जिला अस्पताल में रोज ऐसे मरीज आ रहे हैं। डेंगू तो इस बार तेजी से फैला ही, लेकिन वायरल भी नए रूप में देखने को मिल रहा है। इसकी वजह कोरोना काल भी हो सकता हैं, लेकिन बिना किसी रिसर्च के ऐसा तय नहीं कर सकते हैं। इस बार जैसे प्लेटलेट्स की मांग तो हमने पहले कभी नहीं देखी। सभी मरीजों को उपचार से ठीक कर रहे हैं। अभी तो डेंगू और वायरल के मरीज कम नहीं हो रहे हैं। रविवार को भी अस्पताल के सभी बेड फुल रहे और मेडिकल कालेज में 200 से अधिक मरीज भर्ती हैं। कंट्रोल होगा, लेकिन मौसम अनुकूल होने के बाद।

**अब तक 383 में ही पुष्टि**

जिले में अब 383 मरीजों में डेंगू के मरीजों की पुष्टि एलाइजा जांच में की जा चुकी है। इनमें मेडिकल कालेज लैब की रिपोर्ट भी शामिल है। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में रविवार को भी चालीस मरीज सामने आए। इनका ईलाज चालू हो गया है। दोनों तरह की जांचों में मिले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही हैं। रविवार को भी जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतार लगी रही। पैथालाजी लैब में दूसरे दिन रिपोर्ट मिल रही है।



सैलाना के सदर बाजार मे फागिंग मशीन से धुआं करते हुए नप कर्मचारी। •नईदुनिया

**325 मरीज स्वस्थ भी हो गए**

सहायक जिला मलेरिया अधिकारी एसएन वसुनिया ने बताया कि शहर में रविवार को भी सर्वे हुआ और फागिंग चलती रही। 460 घरों में सर्वे के दौरान 50 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। शहर के हर वार्ड में सर्वे होगा और फागिंग की जा रही है। एलाइजा जांच में डेंगू पाजिटिव मरीजों में 325 स्वस्थ होकर घर चले गए हैं और शेष उपचार ले रहे हैं। शहर में 5211 घरों में सर्वे हो चुका है और 686 घरों मिला लार्वा भी नष्ट कराया गया।

**नगर परिषद ने फागिंग मशीन से किया धुआं**

**सैलाना।** क्षेत्र में तेजी से बढ़ते हुए डेंगू के मरीज को देखते हुए नगर प्रशासन हरकत में आया। रविवार को नगर के प्रमुख मार्गों तथा संकरी गलियों में मच्छर मारने के लिए फागिंग मशीन से धुआं किया गया। मुख्य नगर परिषद अधिकारी जेपी गुहा ने बताया कि हर क्षेत्र में फागिंग मशीन से धुआं छोड़ा जा रहा है। नगर की नालियों पर भी लाल दवा डलवा कर साफ-सफाई करवाई जा रही है, ताकी मच्छर का प्रकोप कम हो।

**विधायक ने लिखा कलेक्टर को पत्र**

जिला (ग्रामीण) कांग्रेस अध्यक्ष व सैलाना विधायक हर्षविजय गेहलोत ने कलेक्टर को पत्र लिखा है। इसमें जिले में तेजी से फैल रहे डेंगू बीमारी के बचाव हेतु शासकीय अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयां व आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने, मेडिकल कालेज रतलाम में उक्त बीमारी के उपचार हेतु पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। कलेक्टर से आग्रह किया गया कि नगरीय क्षेत्र में परिषदों व ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों को उक्त बीमारी के बचाव हेतु कीटनाशक, फागिंग मशीन से धुआं, जलभराव वाले स्थानों पर कीटनाशक छिड़काव करवाने हेतु निर्देशित किया जाए।

नईदुनिया 27/9/21

# टीके का पहला डोज शत-प्रतिशत लगेगा - शिवराज

**आज टीकाकरण महाभियान-4**

**भोपाल ● 26 सितम्बर (ब्यूरो)** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि 27 सितम्बर को अब कोई न छूटे, कोरोना टीकाकरण महाभियान-4 में सभी पात्र नागरिकों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जाएगी। इस अभियान में अब कोई न छूटे, इस भाव से समाज के सभी वर्गों और व्यक्तियों की स्व-प्रेरणा से सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वैक्सीन की प्रथम डोज शत-प्रतिशत पात्र लोगों को लगाकर प्रदेश को सुरक्षित बनाना है। उन्होंने वैक्सीनेशन के पुनीत कार्य में साथ आकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैक्सीन की निःशुल्क उपलब्धता करवाकर पुण्य का काम किया है। स्वदेश

## मुख्यमंत्री की आज झिरन्या में जनदर्शन यात्रा

**खरगोन ●** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 27 सितम्बर को खरगोन जिले के भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र में जनदर्शन यात्रा निकालेंगे। वे झिरन्या मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशभर के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर योजनाओं के लाभान्वितों को राशि जारी करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह राठौर ने मुख्यमंत्री श्री चौहान के जनदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री तय कार्यक्रम अनुसार हेलिकॉप्टर द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11.25 बजे मारूगढ़ पहुंचेंगे। वे यहां प्रदेश के अन्य स्थानों ऑनलाइन माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित, परिसम्पत्तियों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। वे चैनपुर, आभापुरी, शिवना गोराड़िया होते हुए शाम 5.30 बजे भीकनगांव पहुंचेंगे।



स्वदेश 27/9/21

## जिले में कोविड टीकाकरण का महाअभियान आज कलेक्टर ने की सभी से टीका लगवाने की अपील

**रतलाम ● स्वदेश समाचार** जिले में भी कोविड-टीकाकरण महा अभियान 27 सितंबर को आयोजित होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्ति प्रथम डोज लगवा ले। यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। 27 सितंबर के बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा।

27 सितंबर को आयोजित होने वाले महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्य योजना अंतर्गत केंद्रों का चिन्हांकन किया गया है। इसके अंतर्गत बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलोदा क्षेत्र में 24 केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में 168 केंद्र, शहरी क्षेत्र में और 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संबंधित टीकाकरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को आयोजित होने वाले सत्रों में पहले और दूसरे दोनों प्रकार के डोज का टीकाकरण किया जाएगा। जिन लोगों को कोविशील्ड का पहला टीका लगवा कर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं, ऐसे हितग्राही नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना टीकाकरण 27 सितंबर को करवा सकते हैं। स्वदेश

स्वदेश 27/9/21

**बरसात ने खोला सड़कों का भ्रष्टाचार,** अफसरों व इंजीनियर के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं

# जर्जर रोड की गिट्टी, मिट्टी से लीपापोती गारंटी ठेकेदार की, सुधार रही निगम

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## गुणवत्ता मापदण्ड नहीं अपनाते

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. इस साल मानसून की बरसात ने शहर में नगर निगम के अधीन 140 किलोमीटर लम्बी 49 वार्डों की सड़कों की हालत खराब कर दी है। अधिकतर सड़कों की गुणवत्ता ही इतनी खराब थी कि औसत से थोड़ी अधिक बरसात ही नहीं झेल पाई। यानी बरसात ने शहर की अधिकतर सड़कों के घटिया निर्माण व भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। नियमानुसार सड़कें क्षतिग्रस्त होने पर संबधित ठेका फर्म के खिलाफ नोटिस, पेनल्टी, ब्लैक लिस्ट करने जैसी कार्रवाई होती है, लेकिन निगम प्रशासन ने इस साल कोई कार्रवाई नहीं की है। वहीं जिन अफसरों या इंजीनियर की निगरानी में सड़कें बनी और अब क्षतिग्रस्त हो गई, ऐसे अफसरों व इंजीनियर के खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।



नगर निगम के करीब उखड़ी सड़क पर गिट्टी मिट्टी डालते कर्मचारी

विशेषज्ञ कहते है कि सड़क बनाने में बीयूएसजी 251, पीएमसी सील 183 पर एक्यूएम, बिटयूमिनस मैकडम 5195 पर सीयूएम, मिक्स सील परफेस135 पर एसक्यूएम का उपयोग किया जाता है, लेकिन सड़क निर्माण करने वाली ठेका फर्म की ओर से बीयूएसजी 251 व पीएमसीएल 183 पर एसक्यूएम का ही उपयोग जाता है। बाकी आइटमों का न के बराबर उपयोग होता है। ऐसे में सड़कों की गुणवत्ता खराब रह जाती है और बरसात के समय ऐसी सड़कों की स्थिति बिगड़ जाती है। सड़कों के घटिया निर्माण इसलिए भी हो रहे हैं कि निगम के लोकनिर्माण विभाग के इंजीनियर नियमित निरीक्षण व गुणवत्ता जांच के प्रति लापरवाही करते हैं।

## मरम्मत की जिम्मेदारी ठेका फर्म की

नियमानुसार ठेका फर्मों की ओर से बनाई गई सड़कों की तीन साल की गारंटी है। गारंटी अवधि के अंतराल में सड़कें खराब होने पर उसकी मरम्मत ठेका फर्म अपने खर्च से ही करवाने का नियम है। अवधि के बाद खराब होने वाली सड़कों की मरम्मत निगम को खुद करवानी होती है। शहर में इसके विपरीत काम हो रहा है। ठेकेदार बनाई गई ग्यारंटी की सड़को पर चूरी, गिट्टी, मिट्टी आदि निगम अपने व्यय से कर रही हैं।

## नियम का पालन नहीं होता

सड़क सीसी की हो या डामर की, इसके निर्माण में नियम का पालन नहीं होने से यह बारिश को नहीं झेल पाती है। निर्माण के समय ही गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए तो यह हालात ही नहीं बने।

**- मनोहरलाल शर्मा**, पूर्व ठेकेदार

## यह दो अलग विषय

ठेकेदार पर कार्रवाई व सड़क सुधार दो अलग विषय है। प्राथमिकता सड़कों का सुधार है। इसलिए जहां गड्ढे हुए है वहां पर गिट्टी आदि डाली जा रही है। कार्रवाई का कार्य भी जल्दी किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 27/9/21

## ...त्रिका की लगातार खबरों के बाद अवैध कब्जा हटा

# ...ारका की अवैध राह अब प्रशासन की वैध भूमि

## शहर में पहली बार प्रशासन का ऐसा सख्त रवैया, अवैध कब्जाधारी अब डरेंगे

मनमर्जी का निर्माण

**...द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

### ...ल्डर का अधिकार ...ास, तहसीलदार ने ...या प्रशासनिक कब्जा

...का न्यूज़ नेटवर्क
...ika.com

...लाम. सरकारी भूमि पर बाले-बाले ...जा कर अपने आर्थिक लाभ की ... बनाने वालों को रविवार को ...ासन ने बड़ा व कड़ा संदेश दे दिया। ...ेशकों और खरीददारों को अंधेरे में ...कर सैलाना रोड पर बनाई गई ...का रेसीडेंसी की अवैध राह ...खिरकार प्रशासन ने अपने कब्जे में ...ली। अब इस रास्ते पर बिल्डर और ...ीडेंसी के निर्माणकर्ताओं का कोई ...धिकार नहीं होगा। नगर निगम और ...ासन के संयुक्त दल ने उक्त भूमि ... अधिग्रहण की श्रेणी में लेकर ...सकीय भूमि होने का ठप्पा लगा ...या है, अब इसकी नीलामी प्रक्रिया ... जाएगी।

रतलाम शहर के चेतक ब्रिज ...थत गड़बड़ी की द्वारका रेसीडेंसी ...र्माणकर्ताओं द्वारा 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि पर किए गए पक्के निर्माण पर एक तरफा अपने कब्जे में ले लिया। कार्रवाई शहर तहसीलदार व नगर निगम आयुक्त सहित राजस्व विभाग के दल ने की। अब कलेक्टर कमेटी बनाएंगे व कमेटी ही इसकी नीलामी के बारे में निर्णय लेगी।

रविवार दोपहर करीब 12 बजे बाद शहर तहसीलदार गोपाल सोनी, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, उपयंत्री श्याम सोनी सहित राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारका रेसीडेंसी क्षेत्र पहुंचे। यहां पर अतिरमण की गई भूमि को पहले अपने कब्जे में लेने की प्रशासकीय कार्रवाई की गई। इसके बाद सरकारी नाले से लेकर अन्य अतिक्रमण को देखा गया। इस बीच राजस्व अधिकारियों ने द्वारका रेसीडेंसी संचालक द्वारा किए गए अतिक्रमण को कब्जे में लेने की कार्रवाई की।



तहसीलदार सोनी व निगमायुक्त झारिया सहित दल ने कब्जे ने ली भूमि।

### सरकारी भूमि पर बनाया था रेसीडेंसी की ओर जाने का रास्ता

वर्ष 2019 में द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण कार्य शुरू हुआ। इस बीच सरकारी नाले की दिशा को बदल दिया गया व सरकारी भूमि पर पक्का अतिक्रमण कर लिया गया। मिली शिकायत के बाद कलेक्टर ने वरिष्ठ अधिकारियों वाली जांच कमेटी का गठन किया। जांच कमेटी की रिपोर्ट पर नगर निगम व नज़ूल ने द्वारका रेसीडेंसी व सरकारी भूमि के बीच एंगल लगाकर हद बांध दी। इसके बाद मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में द्वारका रेसीडेंसी बिल्डर जितेन्द्र नागर ने याचिका लगाई जो इसी माह खारिज हो गई।

### योजना के पहले चरण में गए

द्वारका रेसीडेंसी के बाहर जो 15 हजार वर्गफीट भूमि है, वो पूरी तरह से सरकारी है। इस पर निर्माण किए गए सड़क सहित अन्य का अधिग्रहण कर लिया गया है, यहां एक नर्सरी है, उसको भी हटाने को कहा गया है। इसके अलावा इस भूमि को नीलाम करना है, इसकी योजना के पूर्व प्रारंभिक कार्रवाई के लिए दल गया था।

**- गोपाल सोनी,** शहर तहसीलदार रतलाम शहर

### आज कलेक्टर दे सकते हैं अहम फैसला

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को इस मामले में द्वारका रेसीडेंसी के निर्माणकर्ताओं ने एक आवेदन दिया है, जिस पर सोमवार को निर्णय हो सकता है। इस बीच नगर निगम, प्रशासनिक व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई रविवार को कर दी। संयुक्त दल ने अवैध कब्जे वाले रास्ते को मुक्त कराते हुए प्रशासनिक अधिकार के तहत अधिग्रहित कर लिया।

पत्रिका 27/9/21

**निवेशकों की राशि अटकेगी** • तहसीलदार ने निगम इंजीनियरों के साथ देखी लोकेशन, सीमांकन के बाद बनाएंगे प्लान

# 10 फीट रास्ता छोड़ सरकारी जमीन पर बनेगी सब्जी मंडी या पार्किंग एरिया

**धोखे की द्वारका रेजीडेंसी**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राम मंदिर के सामने बन रही द्वारका रेजीडेंसी में निवेशकों के करोड़ों रुपए फंसना तय है। फर्म संचालकों ने जिस सरकार जमीन को रोड बता खरीदारों के साथ धोखेबाजी की है। उस पर प्रशासन सब्जी मंडी या पार्किंग एरिया बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को तहसीलदार गोपाल सोनी ने आयुक्त सोमनाथ झारिया व सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास के साथ लोकेशन देख ली है। नजूल विभाग सीमांकन करेगा। उसके बाद नगर निगम के इंजीनियर साइट मैप, जगह की उपलब्धता आदि को देखते हुए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेंगे। इससे रेजीडेंसी के पास वाली रेलवे कॉलोनी के रहवासियों को परेशानी नहीं होगी क्योंकि चेतक ब्रिज के सहारे उनके लिए दस फीट का रास्ता छोड़ा जाएगा।

15276 वर्गफीट सरकारी जमीन को प्रशासन 29 अगस्त को लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित कर चुका है। इसके बाद से प्रशासन धोखेबाज द्वारका रेजीडेंसी फर्म के खिलाफ दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी कर रहा था। अब जल्द ही द्वारका रेजीडेंसी पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसके पहले नगर निगम इसी सरकारी जमीन पर नर्सरी व अन्य अस्थायी दुकान लगाने वालों का अतिक्रमण भी हटाएगा। उधर फर्म का कहना है जमीन की रजिस्ट्री में भी पूर्व दिशा में आम रास्ता बताया गया है।

## कोर्ट से भी राहत नहीं

सरकारी जमीन सुरक्षित करने के लिए प्रशासन द्वारा मल्टी के सामने लोहे की जाली लगाने की कार्रवाई को लेकर द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की थी। इसमें भी फर्म को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने कोई भी टिप्पणी किए बिना याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि मल्टी को लेकर शिकायत मिलने के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच कमेटी बनाई थी। इसमें टीएंडसीपी उपसंचालक जेपी वर्मा, कमिश्नर सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी थे।



द्वारका रेजीडेंसी के सामने की सरकारी जमीन की लोकेशन देखते तहसीलदार सोनी व कमिश्नर झारिया।

## ऐसे धोखा दिया द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने

सर्वे नंबर 43/1 में 1.710 हेक्टेयर सरकारी जमीन दर्ज है। इसी के एक हिस्से सर्वे नंबर 43/1131 की जमीन द्वारका रेजीडेंसी फर्म के स्वामित्व की है, जिस पर एमओएस की जगह छोड़कर मल्टी बन रही थी। इस सर्वे नंबर 43/1131 और चेतक ब्रिज के बीच लगभग 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। फर्म संचालकों ने इस सरकार जमीन पर बिना अनुमति के सीमेंट कांक्रीट कर दिया। इतना ही नहीं ऊंचे दामों पर दुकानें, ऑफिस चैंबर और फ्लैट्स बेच दिए।

▪ द्वारका रेजीडेंसी के सामने वाली सरकारी भूमि का जनहित के लिए उपयोग किया जाएगा। पटरी पार क्षेत्र के रहवासियों की सुविधा के लिए वहां सब्जी मंडी या पार्किंग एरिया बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

▪ रेलवे कॉलोनी के रहवासियों के आने-जाने के लिए चेतक ब्रिज से लगी हुई 10 फीट की जगह है। उसके और मल्टी के बीच 15276 वर्गफीट सरकारी जमीन है। उसका जनहित में कैसे व्यवसायिक उपयोग होगा, यह देखने गए थे। कुछ अतिक्रमण भी हटाना पड़ेंगे।

\- गोपाल सोनी, तहसीलदार

दै. भास्कर 27/9/21

## 27 सितंबर वैक्सीनेशन महाअभियान : अधिकारी प्लान के अनुसार लक्ष्य को हांसिल करें

# कलेक्टर ने की समीक्षा, कर्त्तव्य में लापरवाही पर ग्रामीण कृषि अधिकारी निलंबित

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

राज्य शासन के निर्देशानुसार रतलाम जिले में भी 27 सितंबर को कोविड-19 महा अभियान 'कोई न छूटे' आयोजित होगा जिसमें प्रथम डोज का शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन पूर्ण किया जाएगा। अभियान की तैयारियों के लिए बैठक रविवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में अभियान की तैयारियों का अंतिम रूप दिया। सभी अधिकारियो को प्लान के अनुसार लक्ष्य हांसिल करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा समीक्षा करते हुए अभियान के कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर सैलाना क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी श्री टी.एस. मेडा को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम सिटी श्री अभिषेक गहलोत, डीपीएम अजहर अली, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, सुश्री कृतिका भीमावद, जिला शिक्षा अधिकारी के.सी. शर्मा आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि रतलाम शहर में महा अभियान दिवस पर प्रथम डोज के बचे व्यक्तियों को ढूंढ-ढूंढकर वैक्सीनेट किया जाए, उनको कॉल करके वैक्सीनेशन सेंटर का पता बताकर बुलाए और वैक्सीनेट करें। इसी प्रकार जिले के अन्य क्षेत्रों में भी प्रथम डोज के बचे हुए व्यक्तियों को कॉल करके वैक्सीनेशन सेंटर पर बुलाया जाए।

बताया गया है कि निर्धारित कार्य योजना अनुसार प्रथम डोज के ग्रामवार बचे हुए व्यक्तियों की

**तैयारियों को बैठक में अंतिम रूप दिया गया**



**कोविड- वैक्सीनेशन अब कोई ना छूटे, अंतिम अवसर**

27 सितंबर को जिले में कोविड-वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए सभी व्यक्ति 27 सितंबर को प्रथम डोज लगवा ले यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। 27 सितंबर के बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा। जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड का पहला टीका लगवाने के लिए 27 सितंबर अंतिम अवसर होगा। उल्लेखनीय है कि 27 सितंबर को आयोजित होने वाले सत्रों में पहले और दूसरे दोनों प्रकार के डोज का टीकाकरण किया जाएगा। जिन लोगों को कोविशिल्ड का पहला टीका लगवाकर 84 दिन पूर्ण हो चुके हैं ऐसे हितग्राही नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना वैक्सीनेशन 27 सितंबर को करवा सकते हैं।

### नो मीटिंग नो अदर वर्क, अभियान के लिए फील्ड में रहे

बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि 27 सितंबर महा अभियान में हमें अधिकाधिक वैक्सीनेशन करना है। प्रथम डोज शत प्रतिशत वैक्सीनेट करना है, इसके लिए सभी अधिकारी 27 सितंबर को फील्ड में रहे। सोमवार को नो मीटिंग नो अदर वर्क, सभी लोग फील्ड में रहे, अभियान को सफल बनाएं।

**पहला महाभियान 21 जून** - 38142 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

**दूसरा महाभियान 25 अगस्त**- 68312 लोगों को वैक्सीनेशन किया गया, 26 अगस्त को 48630 लोगो का वैक्सीनेशन किया गया।

**तीसरा महाभियान 17 सितंबर**- 43747 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया।

चौथा महाभियान - 27 सितंबर को

प्रसारण/
27/9/21

# आज 100% डोज का लक्ष्य, बाजना, सैलाना और पिपलौदा पर फोकस

## जिले में 47 हजार लोगों को पहला डोज लगना बाकी है

### कलेक्टर बोले - ढूंढ-ढूंढकर वैक्सीन लगाओ

भास्कर संवाददाता | रतलाम

हमारे जिले में अब 90% लोग वैक्सीनेट हो चुके हैं। अब सिर्फ 47 हजार लोगों को वैक्सीन लगाना है। इसके लिए आज विशेष महाअभियान होगा। कलेक्टर सोमवार को जिले को 100% वैक्सीनेटेड करने की तैयारी में है, इसके लिए उन्होंने सभी को चेता दिया है कि ढूंढ-ढूंढकर वैक्सीन लगाओ। इधर लोगों से भी अपील की है कि अपने परिचितों को वैक्सीन लगवाने भेजें।

जिले में 10.38 लाख वोटर हैं, इनमें से अब तक 9.91 लाख लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लग चुका है। सोमवार को वैक्सीनेशन का महाअभियान है। ऐसे में अब जो लोग बचे हैं, उन्हें वैक्सीन लगाई जाएगी। पूरा फोकस पहले डोज को 100% करने पर है। हालांकि अभी बाजना, सैलाना और पिपलौदा में 80 प्रतिशत के आसपास ही वैक्सीनेशन हुआ है, ऐसे में इन ब्लॉक में बड़े पैमाने पर वैक्सीन लगाने की तैयारी है। इधर कलेक्टर ने भी कहा है कि 27 सितंबर को पहला डोज लगवाने का आखिरी मौका रहेगा, 27 सितंबर के बाद सिर्फ दूसरा डोज लगाया जाएगा।

### आज कोई मीटिंग नहीं होगी

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा 27 सितंबर महा-अभियान में हमें अधिकाधिक वैक्सीनेशन करना है। पहला डोज 100% वैक्सीनेट करना है, 27 सितंबर को फील्ड में रहें। सोमवार को मीटिंग नहीं करें।

### अफसर को निलंबित किया

रविवार को तैयारियों को लेकर मीटिंग हुई। कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर सैलाना क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी टीएस मेड़ा को निलंबित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा बचे हुए लोगों को ढूंढ-ढूंढकर वैक्सीनेट किया जाए, उनको कॉल करके वैक्सीनेशन सेंटर का पता बताकर बुलाएं और वैक्सीनेट करें। ग्रामवार बचे हुए लोगों की सूची उपलब्ध करा दी गई है।

### महाअभियान... कब-कितने टीके

| | |
|---|---|
| पहला महाअभियान | 21 जून - 38142 लोग |
| दूसरा महाअभियान | 25 अगस्त- 68312 लोग, 26 अगस्त- 48630 लोग |
| तीसरा महाअभियान | 17 सितंबर- 43747 लोग |
| चौथा महाअभियान | (आज से) |

### जो छूटा है, उन्हें सेंटर भेजें

*रतलाम जिले ने अब तक बेहतर काम किया है। 40 हजार लोग बचे हैं। सभी को वैक्सीनेटेड करना है, यह सिर्फ जिला प्रशासन के भरोसे संभव नहीं है। सभी को सहयोग करना होगा, जो भी छूटा है, उन्हें सेंटर पर भेजें। पूरी उम्मीद है, इसमें सफल होंगे।*

**कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर, रतलाम

दै. भास्कर 27/9/21

**वैक्सीनेशन महाअभियान** कलेक्टर ने बैठक में अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया

# जिले में प्रथम डोज के लिए आज अंतिम अवसर

**रतलाम।** जिले में 27 सितंबर को कोविड वैक्सीनेशन महाअभियान आयोजित होगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि जिले को शत-प्रतिशत कोरोना मुक्त करने के लिए प्रथम डोज से छूटे हुए सभी व्यक्ति 27 सितंबर को प्रथम डोज लगवा लें। यह प्रथम डोज के लिए अंतिम अवसर रहेगा। महाअभियान की थीम कोई ना छूटे रखी गई है। 27 सितंबर के बाद कोविड वैक्सीन का केवल दूसरा डोज ही लगाया जाएगा।

जिले में 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को कोविड का पहला टीका लगवाने के लिए 27 सितंबर अंतिम अवसर रहेगा। महाअभियान के लिए जिले में तैयार की गई कार्ययोजना अंतर्गत केंद्रों का चि-ांकन किया गया है। इसके अंतर्गत बाजना क्षेत्र में 65 केंद्र, जावरा क्षेत्र में 40 केंद्र, पिपलौदा क्षेत्र में 24 केंद्र, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में 24 केंद्र, सैलाना क्षेत्र में 168 केंद्र, शहरी क्षेत्र में 22, आलोट क्षेत्र में 37 केंद्रों पर कोविड संबंधित वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**लापरवाही पर मेड़ा निलंबित :** अभियान की तैयारियों के लिए बैठक रविवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर ने बैठक में अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सभी अधिकारियों को प्लान के अनुसार लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए अभियान के कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर सैलाना क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विकास विस्तार अधिकारी टीएस मेड़ा को निलंबित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, एसडीएम सिटी अभिषेक गहलोत, डीपीएम अजहर अली, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डा. वर्षा कुरील, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, कृतिका भीमावद, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा आदि उपस्थित थे।

**रतलाम में यहां होगा टीकाकरण :** 27 सितंबर को टीकाकरण के लिए शहर के कंकू मंत्रम गांधीनगर, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल, प्रिंस पैलेस, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, रेडक्रास भवन विरियाखेड़ी, जवाहर नगर कम्युनिटी हाल, मांगलिक भवन सुभाष नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधाकृष्ण स्कूल डीडी नगर मानस भवन मोती नगर, जमातखाना शेरानीपुरा, डीआरएम आफिस दो बत्ती रोड, राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर, लायंस हाल पावर हाउस रोड, कालिका माता धर्मशाला, माहेश्वरी धर्मशाला, आइएमए हाल राजेंद्र नगर, आर्य समाज स्कूल धानमंडी, जिला चिकित्सालय रतलाम, घटला हास्पिटल रेलवे कालोनी, एमसीएच अस्पताल पर कोविड-19 वैक्सीनेशन किया जाएगा।

### सैलाना में भी लगेंगे टीके

**सैलाना।** शासन के निर्देशानुसार क्षेत्र में सोमवार को वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत प्रथम तथा द्वितीय टीके लगाए जाएंगे। इसके लिए टीम गठित कर सेंटर भी बना लिए गए है। यह टीमें सुबह नौ बजे से क्षेत्र के विभिन्न वैक्सीनेशन केंद्रों पर जाकर अब तक वंचित प्रथम तथा द्वितीय वैक्सीन लगाएंगे। एसडीएम कामिनी ठाकुर तथा तहसीलदार कैलाशचंद डामोर ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि अपने आस-पड़ोस में जो भी व्यक्ति प्रथम वैक्सीन से अब तक वंचित रह गए है, उन्हें इस महाअभियान में वैक्सीन अवश्य लगवाएं। सोमवार को करीब पच्चीस वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए है। इन सेंटरों पर 2500 टीके लगाए जाएंगे। नई.

नईदुनिया 27/9/21

## अब कोई न छूटे टीकाकरण महाअभियान आज

# कोरोना वैक्सीन का पहला डोज शत-प्रतिशत लगेगा : मुख्यमंत्री

प्रसारण न्यूज़ • भोपाल

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 27 सितंबर को अब कोई न छूटे कोरोना टीकाकरण महाअभियान-4 में सभी पात्र नागरिकों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जाएगी। इस अभियान में अब कोई न छूटे, इस भाव से समाज के सभी वर्गों और व्यक्तियों की स्व-प्रेरणा से सक्रिय भागीदारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वैक्सीन की प्रथम डोज शत-प्रतिशत पात्र लोगों को लगाकर प्रदेश को सुरक्षित बनाना है। उन्होंने वैक्सीनेशन के पुनीत कार्य में साथ आकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैक्सीन की निःशुल्क उपलब्धता करवा कर पुण्य का काम किया है। अब हम सबका दायित्व है कि सभी पात्र लोग वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाएँ। अभी तक वैक्सीनेशन की उपलब्धियों के लिए जन-भागीदारी रेखांकित हुई है। जिला, विकासखंड, वार्ड और ग्राम पंचायत स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाकर पिछले टीकाकरण महा-अभियानों को सफलता दिलाई है। 27 सितंबर को टीकाकरण महा-अभियान-4 में भी क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों और सामाजिक संस्थाओं की सहभागिता से सफलता अवश्य प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों, धर्मगुरुओं, मीडिया प्रतिनिधियों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनता से वैक्सीन का प्रथम डोज लगवाने की अपील करें, उन्हें प्रेरित करें, जिससे अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त कर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा है कि डॉक्टरों और वैज्ञानिकों का मत है कोरोना से सर्वाधिक सुरक्षा वैक्सीनेशन से ही संभव है। प्रदेश में वैक्सीनेशन का पहला डोज करीब 84% आबादी को लग चुका है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इसके परिणामस्वरूप ही हम प्रदेशवासियों में कोरोना संक्रमण की स्थिति को रोकने में सफल हो पाए हैं। हम कोरोना की तीसरी लहर को किसी भी स्थिति में नहीं आने देंगे।

### अब कोई भी न छूटे टीकाकरण महाअभियान-4 के लिए व्यापक तैयारी

अब कोई भी न छूटे टीकाकरण महा-अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य शासन द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। जिला और ब्लॉक स्तर पर संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना, जन-अभियान परिषद, सामाजिक, स्वयंसेवी संस्थाओं के स्वयंसेवकों, समाज के प्रत्येक वर्ग के प्रमुख व्यक्तियों और शासकीय अमले द्वारा पात्र नागरिकों को प्रथम डोज लगवाने के लिए उन्हें टीकाकरण स्थल तक लाने मे सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। टीकाकरण स्थल पर भी जन-सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी और उत्सवी माहौल के बीच शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। टीकाकरण महाअभियान-4 में 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी पात्र व्यक्ति कोविड टीके की पहली डोज से छूटा नहीं है। यह जानकारी सभी जिलों के कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र में राज्य शासन को दी जाएगी। राज्य शासन द्वारा अभियान की सफलता के लिए सभी पात्र व्यक्तियों की सूची अनुसार डोर-टू-डोर सर्वे कर कोविड टीके की पहली डोज लगाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। टीकाकरण महाअभियान-4 में प्रदेश मे करीब 10 हजार सत्र आयोजित होंगे। हर जिले में जिला प्रशासन द्वारा टीकाकरण के लिये मोबाइल टीमों का गठन भी किया गया है। प्रसारण

प्रसारण 27/9/21

# विश्व रेबिज दिवस | रेबीज वैक्सीनेशन महाअभियान शिविर आज होगा निशुल्क श्वानों का रेबीज टीकाकरण

रतलाम। आज पशुपालन विभाग रतलाम निशुल्क रेबीज टीकाकरण कैंप का आयोजन करेगा।जो भी अपने श्वान का रेबीज टीकाकरण करवाना चाहते हैं तो वे आनंद कॉलोनी स्थित पशु पॉलिक्लिनिक पहुंचकर अपने श्वान को टीकाकरण करवा सकते हैं,जहां पशुपालकों के श्वानों को निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा,इसके अतिरिक्त लावारिस श्वानो के भी टीकाकरण किया जाएगा।अतः श्वान पालकों से अनुरोध हैं कि वह अपने श्वान को पशु पॉलिक्लिनिक रतलाम में 28 सितंबर को यानी आज प्रातः10 बजे से लेकर दोपहर 2-30-बजे तक लेकर पंहुचे और निशुल्क रेबीज टीकाकरण अभियान में अपने श्वान को टीकाकरण कराएं।

**विश्व रेबीज दिवस:** रेबीज के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 28 सितम्बर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। पशुओं में विषाणु का संचरण हो रहा है,जिसके लिए टीकाकरण और बंध्याकरण को तेजी के साथ लागू करना होगा।भारत मे प्रतिवर्ष 20000 से ज्यादा मामले रैबीज के रिपोर्ट हो रहे हैं।विश्व में रैबीज से कुल मौतों में अकेले 36 फीसदी मौत भारत में होती है।

जागरूकता की कमी के कारण रैबीज से हर साल हजारों मौतें हो रही हैं।कुत्तों के अलावा बिल्लियों, बंदरों, नेवला, सियार आदि के काटने से भी रैबीज होती है।इससे ज्यादा संवेदनशील इलाकों में तेजी से नियंत्रण किया जा सकेगा। कुत्ते द्वारा काटने पर तुरन्त टीकाकरण शुरू करा देना चाहिए जो 0,3,7,14,28,90 दिन पर क्रमशः लगवाना चाहिए।

रैबीज पर नियंत्रण के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।रैबीज से प्रभावित कुत्तों के काटने से गायों,भैंस में भी रैबीज के सैकड़ों मामले सामने आ रहे हैं,कई मामलों में लक्षण शुरू में पूरी तरह से उभरते नहीं हैं,इसलिए ऐसे पशुओं के पशुपालकों को खुद भी सावधानी बरतने की जरूरत है।



## रेबीज क्या है?

रेबीज को हाइड्रोफोबिया भी कहा जाता है।यह कुत्ते, बिल्ली,बंदर के से फैलने वाला वायरल जूनोटिक इन्फेक्शन है।इससे इंकेफोलाइटिस जैसा उप द्रव्य होता है।जो निश्चित रूप से चिकित्सा न किए जाने पर घातक होता है।इसका प्रमुख कारण किसी पागल कुत्ते का काटना होता है।

## रेबीज कैसे होता है?

किसी संक्रमित पशु के काटने या खुले घाव को चाटने से यह संक्रमण होता है।यह संक्रमण पशुओं में लड़ने या काटने से फैलता है। जब ऐसे संक्रमित पशु आदमी के संपर्क में आते हैं तो इसे आदमी में भी फैलाते हैं। वायरस आदमी के शरीर में प्रवेश करने यह इंद्रियों पर आक्रमण करता है।

## रेबीज के प्रमुख लक्षण

- बुखार, मचली आना और सिरदर्द होना
- संक्रमण फैलने से अनैच्छिक झटके अनियंत्रित उत्तेजना
- सुस्ती और श्वास का पक्षाघात होना
- पानी पीने का प्रयत्न करने पर अचानक ऐंठन, सांस में रुकावट

## क्या रखें सावधानियां

- जितना हो सके घाव को बहते गुनगुने पानी से धोना चाहिए
- घाव को कभी ढके नहीं, इसको पट्टी न करें और टांके न लगवाएं
- नजदीकी दवाखाने में या सरकारी अस्पताल में जाएं जहां एआरवी उपलब्ध होती है।
- कुत्ता या पशु का निरीक्षण 10 दिन तक करें

स्वतंत्र [illegible] 27/9/21

**प्रदेश में टीकाकरण महाअभियान-4 आज**

# सीएम की अपील, कोई भी नागरिक पहला डोज लगाने से न रहे वंचित

भोपाल, (प्रसं)। सभी पात्र नागरिकों (18 वर्ष से अधिक आयु के) को कोरोना टीकाकरण की पहली खुराक मुहैया कराने का लक्ष्य पूर्ण करने की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश में सोमवार को 'वैक्सीनेशन महाअभियान-4' के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रशासनिक तंत्र के अलावा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों से अपील की है कि जो भी नागरिक वैक्सीन लगवाने से चूक गए हैं, वे सोमवार को टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचे और टीका लगवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने लक्ष्य रखा है कि 27 सितंबर तक यानी सोमवार तक राज्य में सभी पात्र नागरिकों को कोरोना टीका का पहला डोज लग जाए। इस महाअभियान में कोई भी नागरिक पहला डोज लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए। राज्य सरकार ने इसके अलावा लक्ष्य रखा है कि अगले तीन माह में यानी दिसंबर माह तक सभी पात्र नागरिकों को कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लगाने का लक्ष्य भी पूरा कर लिया जाए। कोरोना महामारी से बचाव का वैक्सीनेशन ही सबसे प्रभावी उपाय माना गया है।

***अब तक छह करोड़ सात लाख 80 हजार डोज लगाए***

राज्य मे शनिवार (25 सितंबर) की रात तक छह करोड़ सात लाख 80 हजार से अधिक वैक्सीन डोज नागरिकों को लगाए जा चुके हैं। राज्य मे 18 वर्ष से अधिक आयु के कुल लगभग पांच करोड़ 43 लाख नागरिक हैं, जिन्हें दिसंबर तक कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगाना है।

## *सभी जिलों में बनाए गए हैं विशेष केंद्र*

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार महाअभियान के लिए सभी जिलो मे विशेष वैक्सीनेशन केंद्र बनाए गए है। इसके अलावा प्रशासन टीका लगवाने से रह गए नागरिको को फोन पर संदेश भेजकर वैक्सीनेशन केंद्र पर पहुंचने का अनुरोध कर रहा है। जो नागरिक केंद्रो तक पहुंचने मे असमर्थ है, उनके लिए प्रशासनिक स्तर पर टीकाकरण की आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई है।

राज एक्सप्रेस 27/9/21

## इंडस्ट्रियल एरिया में गंदगी, डेंगू का खतरा

रतलाम | शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जबकि सफाई के मामले में इंडस्ट्रियल एरिया के हाल बेहाल हैं। उद्योगपति के साथ श्रमिक सहित सभी परेशान हैं। इससे डेंगू के बीच बीमारी फैलने का खतरा है।

उद्योग भवन से मांगल्य मंदिर वाला मुख्य मार्ग कचरे से पटा है। उद्योग विभाग के अफसर भी संधारण शुल्क वसूलने इसी रोड से गुजरते हैं। विभाग द्वारा सफाई के लिए कदम नहीं उठाए जाते हैं। शहर में तेजी से डेंगू फैल रहा है। यहां जब कचरा फेंकने के लिए लोग पहुंचते हैं तो उद्योगपति उन्हें रोकते हैं तो वे विवाद करने लगते हैं। संभागीय उद्योग संघ के संदीप व्यास ने बताया कि शहर का प्रमुख इंडस्ट्रियल एरिया है। इसके बाद ये स्थिति हो रही है। पूरा क्षेत्र कचरे से पटा है। सफाई की तरफ किसी ध्यान नहीं है।

दै. भास्कर 27/9/21

## टूटी सड़कें, ट्रेंचिंग ग्राउंड बना औद्योगिक क्षेत्र

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. नगर की लघु उद्योग इकाइयों द्वारा वर्ष 2009 से निरंतर संधारण शुक्ल का भुगतान किया जा रहा है। इसके बाद भी नगर का औद्योगिक क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। हाल यह कि यहां पर आवागमन के लायक सड़कें नहीं है। पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में मुख्य मार्ग सहित कई जगह पर अस्थायी ट्रेंचिंग ग्राउंड बने हुए हैं। जहां पर कचरे के ढेर लगे हैं। रात्रि में अंधेरा होने के कारण श्रमिक और कर्मचारियों को आवागमन में तकलीफहोती है। इसके बाद भी जिम्मेदार विभाग व मंत्रालय इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र में पाइप लाइन डालने वाली संस्था ने सड़क के दोनों किनारे खोद दिए है। जिससे उसकी मजबूती कम हो गई।रोड क्रॉसिंग करने के लिए सीसी रोड भी खोद दी।

पत्रिका 27/9/21

## 67 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत रविवार को 67 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 32940, काम्पेक्टर सूखा कचरा 34150 कुल 69090 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 27/9/21

**सीएम शिवराज बोले : घर से लाओ या घर जाओ पर वैक्सीन जरूर लगाओ**

**टीकाकरण महाअभियान आज**

# लक्ष्य : 100% लोगों को लगे पहला डोज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन का चौथा महाअभियान सोमवार को चलेगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सोमवार को कोई भी व्यक्ति पहले डोज से नहीं छूटे। पहले डोज का सौ फीसदी लक्ष्य पूरा किया जाए। कोई वैक्सीन लगवाने नहीं आया है तो उसे घर से लाया जाए और यदि वह नहीं आ सकता है तो उसके घर जाकर उसे वैक्सीन लगाया जाए।

शिवराज ने कहा, हम सबका दायित्व है कि सभी पात्र लोग वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाएं। अभी तक वैक्सीनेशन की उपलब्धियों के लिए जन-भागीदारी रेखांकित हुई है। जिला, विकासखंड, वार्ड और ग्राम पंचायत स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाकर पिछले महाअभियानों को सफलता दिलाई है। इस बार भी लक्ष्य पूरा करना है। शिवराज ने मंत्रिपरिषद के सदस्य, सांसद, विधायक, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों, धर्मगुरुओं, मीडिया प्रतिनिधियों, साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जनता से वैक्सीन का प्रथम डोज लगवाने की अपील करें। बता दें कि प्रदेश में वैक्सीनेशन का पहला डोज करीब 84 फीसदी आबादी को लग चुका है। यह अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

## अब तक 6.10 करोड़ लगे डोज



शिवराज ने बताया कि अब तक 6 करोड़ 10 लाख 20 हजार 534 डोज नागरिकों को लग चुके हैं। इसमें 4 करोड़ 70 लाख 6 हजार 863 वैक्सीन का पहला डोज और एक करोड़ 40 लाख 13 हजार 671 दूसरा डोज लगाया गया है।

## वैक्सीन के दोनों डोज के बाद 43 सैनिक पॉजिटिव

**इंदौर.** कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लगाने के बाद भी महू के 43 सैनिक कोरोना संक्रमित हुए। हालांकि वैक्सीन के कारण उन पर संक्रमण का ज्यादा असर नहीं हुआ। सभी में अभी तक कोरोना के हल्के लक्षण ही सामने आए हैं। शहर में अब तक 42 लाख से ज्यादा लोगों को वैक्सीन के डोज लग चुके हैं। 14 लाख से ज्यादा ने दूसरा डोज भी ले लिया है।

पत्रिका 27/9/21